भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं.*206

सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943(शक)

स्वदेश दर्शन योजना

***206 कुंवर दानिश अलीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में अब तक कितने स्थलों को चिह्नित किया गया है;

(ख) क्या उक्त योजना के अंतर्गत अमरोहा जिले में स्थित श्री वासुदेव तीर्थ स्थल मंदिर तथा सैय्यद शरफुद्दीन शाह विलायत दरगाह को सम्मिलित किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है।

****

स्वदेश दर्शन योजना के संबंध में दिनांक 13.12.2021 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या †*206 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण।

(क) पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 491.51 करोड़ रुपए की राशि से आठ परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से इस परियोजना के तहत 19.93 करोड़ रु. की राशि से वाराणसी-गया, लखनऊ- अयोध्या-लखनऊ, गोरखपुर-कुशीनगर, कुशीनगर-गया- कुशीनगर मार्ग योजना की स्वीकृत की गई है।

(ख) से (घ): उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में श्री वासुदेव तीर्थ स्थल मंदिर और सैयद शराफुद्दीन शाह विलायत दरगाह को स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची में शामिल नहीं किया गया है। पर्यटन का अवसंचना विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत पर्यटन अवसंचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से परियोजनाओं की विकास के लिए पहचान की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना दिशानिर्देशों का पालन करने, पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि के अध्यधीन स्वीकृत की जाती हैं।

****